प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'पांच'

प्रश्न सं. [क्र. 1084]

[21/3/2017]

परिशिष्ट

विधानसभा तारांकित प्रश्न कमांक 1084 सदन में उत्तर देने का दिनांक 21.03.2017

माननीया विधायक श्रीमती चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर

प्रश्नांश (क) में उल्लेखित मार्गो की जानकारी

क्र.	मार्ग का नाम	अद्यतन स्थिति
1	2	3
1	ग्राम सैपुरा से मऊ कड़वाहा तक	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत छतरपुर–टीकमगढ़ मार्ग में सैपुरा तथा वनपुरा बुजुर्ग से कड़वाहा का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्राम कड़वाहा से मऊ सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित है। इस प्रकार उक्त सभी ग्रामों को एकल सड़क संपर्क सुविधा प्रदान की जा रही है अथवा की जा चुकी है अतः प्रश्नांश में उल्लेखित यह मार्ग ग्राम सैपुरा से कड़वाहा योजना के दिशा निर्देशों के अंतर्गत द्वितीय सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध करना संभव नहीं है।
2	वार से पुरैनिया होकर हीरापुर मुख्य सड़क तक	ग्राम हीरापुर मुख्य मार्ग पर स्थित है, ग्राम वार को वनपुरा बुजुर्ग का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत किया जा रहा है। ग्राम पुरैनिया राजस्व ग्राम नहीं है। अतः योजनांतर्गत पात्र ग्रामों की सूची में नहीं है। इस प्रकार योजनांतर्गत सभी उक्त पात्र ग्रामों को सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रश्नांश में उल्लेखित यह सड़क द्वितीय सड़क संपर्क सुविधा एक अपात्र ग्रामों को जोड़ने के अंतर्गत आयेगा जो कि योजना के मार्गदर्शी दिशा निर्देशों के प्रतिकूल होने से निर्माण किया जाना संभव नहीं हैं
3	मऊ से इमलिया	मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत ग्राम मऊ को कड़वाहा एवं इमलिया की गुजरायतन जी.एस.बी. मार्ग से जोड़ा जा चुका है। अतः मऊ से इमलिया को जोड़ना द्वितीय सड़क संपर्क सुविधा के अंतर्गत आयेगा जिसे योजना के मार्गदर्शी दिशा निर्देशों के अनुसार जोड़ना संभव नहीं है।
4	अहार से गनेशपुरा होकर लुहर्रा तक	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत ग्राम अहार, गनेशपुरा एवं लुहर्रा को पृथक–पृथक टीकमगढ़–छतरपुर मार्ग से जोड़ा जा चुका है। इस प्रकार उक्त सभी ग्रामों को एकल सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। अतः प्रश्नांश में उल्लेखित उक्त सड़क द्वितीय सड़क संपर्क सुविधा के अंतर्गत आयेगा। जिसे योजना के मार्गदर्शी दिशा निर्देशों के अंतर्गत जोड़ना संभव नहीं है।
5	देरी से तिगौड़ा होकर खुडो तक	ग्राम देरी भजना–पलेरा मुख्य मार्ग पर स्थित है। ग्राम खुड़ो को टीला फुटेर रोड से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत जोड़ा जा रहा है। तिगौड़ा को भजना–पलेरा रोड़ से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत जोड़ा जा चुका है। इस प्रकार उक्त सभी ग्रामों को पक्के मार्गो से जोड़ा जा चुका है अथवा जोड़ा जा रहा है। अतः प्रश्नांश में उल्लेखित यह मार्ग द्वितीय सड़क संपर्क सुविधा के अंतर्गत आयेगा जिसे योजना के मार्गदर्शी दिशानिर्देशों के अंतर्गत जोड़ना संभव नहीं हैं
6	लिधौरा से पूछा तक	ग्राम लिधौरा टोरी से लिधौरा नज टोरी का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। ग्राम पूछा राजस्व ग्राम न होने के कारण पात्र ग्रामों की श्रेणी में नहीं आता है। अतः योजनांतर्गत ग्राम लिधौरा से पूछा सड़क निर्माण कराना संभव नहीं हैं।
7	लुहर्रा से नारायणपुर तक	इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेस–2 में सम्मिलित किया गया है। भारत सरकार से स्वीकृति अपेक्षित है।